अमर उजाला

Udham Singh Nagar News: हाइवे किनारे पकड़ीं पन्नी से ढकी नकली शराब की 60 पेटियां

रुद्रपुर। आबकारी विभाग की टीम ने काशीपुर-जसपुर हाईवे किनारे पन्नी से ढकी नकली शराब की 60 पेटियां बरामद की हैं। टीम ने मौके से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। शराब जिले से सटे यूपी के मुरादाबाद में संचालित फैक्टरी से लाई गई थी। जांच करने पर शराब में एल्कोहॉल की मात्रा भी कम पाई गई। जिला आबकारी अधिकारी एके मिश्रा ने बताया कि जब्त हुई शराब के सैंपल को आबकारी मुख्यालय देहरादून की प्रयोगशाला में भेजा जाएगा।

जिले में पिछले कई दिनों से नकली शराब की तस्करी की सूचना मिल रही थी। इस पर जिला आबकारी विभाग की टीम ने काशीपुर-जसपुर हाईवे में अलीगंज को जाने वाले ओवरब्रिज के नीचे छापा मारा। टीम को सड़क किनारे पन्नी से ढकी शराब की 60 पेटियां मिलीं। इसमें उत्तराखंड आबकारी का नकली लेबल, होलोग्राम और अंग्रेजी शराब के ब्रांड का लेबल लगा हुआ था और बोतल में सील लगी थी। टीम ने मौके पर मौजूद भतगवां भगतपुर जिला मुुरादाबाद निवासी खिलेेंंद्र सिंह और सलीम को टीम ने दबोच लिया।

Source: https://www.amarujala.com/uttarakhand/udham-singh-nagar/wine-in-rudrapur-us-nagar-rudrapur-news-c-8-1-99124-2023-04-01